ध्वज डिज़ाइन करें

नीचे कुछ ध्वज डिज़ाइन के विषय दिए गए हैं जिसमें एक काल्पनिक देश के बारे में जानकारी दी गई है। उनमें से कोई भी एक विषय चुनिए और कुछ सरल नियमों को ध्यान में रखते हुए उस काल्पनिक देश के लिए एक आकर्षक ध्वज डिज़ाइन कीजिये।

ध्वज डिज़ाइन के विषय (कक्षा ४ से ९ के लिए)

- एक ऐसा देश जिसमें केवल कीड़े–मकोड़े या वैज्ञानिक या एलियंस रहते है।
- एक ऐसा देश जिसमें केवल पेड़–पौधे होते है।
- एक ऐसा देश जहाँ केवल उड़ने वाले लोग रहते हैं।
- एक समुद्र तटीय देश है जहाँ मछली पकड़ना मुख्य व्यवसाय है।
- एक गुप्त देश जिसके बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।

ध्वज डिज़ाइन कार्य के नियम

- आपका ध्वज, चुने गए विषय से संबंधित होना चाहिए।
- आप केवल ३ रंगो का या उससे कम का उपयोग कर सकते हैं।
- ध्वज पर शब्द लिखने की अनुमति नहीं है।
- आपका ध्वज आसान होना चाहिए और दूर से दिखना चाहिए।
- आपका ध्वज विशिष्ट और मौजूदा ध्वजों से अलग होना चाहिए।

प्रतिमा स्रोत: फ्रीपिक पब्लिक डोमेन

ध्वज डिज़ाइन करें

ध्वज डिज़ाइन के विषय (कक्षा 10 से UG-PG के लिए)

- एक ऐसा देश है जहाँ संगीत मुख्य व्यवसाय है।
- एक ऐसा देश जिसका आदर्श–वाक्य "अनेकता में एकता" है।
- तीन द्वीपों वाला एक देश।
- एक ऐसा देश, जिसमें साल भर सूर्य का प्रकाश रहता है।
- एक ऐसा देश, जिसमें अत्याधिक जैविक विविधता है।



यह सभी ध्वज छात्रों द्वारा, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस २०२० के दौरान बनाए गए है।

ध्वज डिज़ाइन करें

पृष्ठभूमि

दृश्यात्मक साक्षरता (व्हिज्युअल लिटरसी) क्षमताओं का एक ऐसा समूह है जो एक व्यक्ति को छवियों और दृश्य माध्यमों को प्रभावी ढंग से खोजने, व्याख्या व मूल्यांकन करने, बनाने और उपयोग करने में सक्षम बनाता है (ACRL, 2012)।

इस प्रकार की साक्षरता बच्चों में मौखिक कौशल, विचारों का अनुक्रमण और आत्म–अभिव्यक्ति को बेहतर बनाने में मदद करती है (Flynt & Brozo, 2010)। इसका उपयोग पढ़ने–लिखने की साक्षरता में सुधार (Stewig, 1994) और आलोचनात्मक सोच (Williams 2007) को प्रोत्साहन देने के लिए भी किया जा सकता है। छात्रों को दृश्यात्मक साक्षरता सीखाने के कई तरीके हैं जो दृश्य के माध्यम से संचार करने(व्हिज्युअल कम्युनिकेशन) के विकास को बढ़ावा देते हैं। डिज़ाइन गतिविधियाँ जैसे कि प्रतीक या सांकेतिक चिन्ह या ध्वज डिज़ाइन करना इत्यादि इस कौशल के विकास में मदद कर सकते है।

ध्वज डिज़ाइन करने के कार्य का उद्देश्य छात्रों को दिये गए डिज़ाइन बाधाओं के अंतर्गत प्रतीकवाद और लेआउट का अभ्यास करने का अवसर देना है। ध्वज को "कपड़े का एक टुकड़ा जो आमतौर पर आयताकार और एक लम्बे डंडे के किनारे से जुड़ा हुआ होता है, जिसका स्वरूप किसी देश या समूह का प्रतिनिधित्व दर्शाता है, या इसका कोई विशेष अर्थ होता हैं” ऐसे परिभाषित किया जा सकता है (Cambridge Dictionary)।

इसलिये ध्वज ज़्यादातर देखने और याद रखने में आसान होते हैं और अक्सर इन पर अमूर्त प्रतीक होते हैं जो गहरा अर्थ दर्शाते हैं। इस कार्य में छात्र दिए गए देश के लिए विशिष्ट पहचान बनाते समय भिन्न–भिन्न आकार, बनावट, माप और रंगों के संयोजन कर सकते हैं जिससे व्हिज्युअल कम्युनिकेशन कौशल को बढ़ावा मिल सकता हैं।

संदर्भ

Association of College & Research Libraries Board of Director. (2012). Visual literacy competency standards for higher education. *College & Research Libraries News, 73(2*), 97-104.

Flynt, E. S., & Brozo, W. (2010). Visual literacy and the content classroom: A question of now, not when. *The Reading Teacher, 63(6*), 526-528.

Stewig, J. W. (1994). First graders talk about paintings. *Journal of Educational Research*, *87*(5), 309-316.

Williams, T. L. (2007). ‘Reading’ the painting: Exploring visual literacy in the primary grades. *The Reading Teacher*, *60*(7), 636-642.

Websites

Cambridge Online Dictionary: https://dictionary.cambridge.org/dictionary/english/flag